## खबर संक्षेप

### फांसी के फंदे में लटकता मिला नवविवाहिता का शव

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तगावर में एक नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार सीता कुशवाहा पति मनीष कुशवाहा 26 वर्ष का शव आज फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना के समय ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य दूसरे कमरे मे सोए हुए थे, सुबह जानकारी लगने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी एम. एल. रहंगडाले मौके पर पहुंचे, नव विवाहित होने की वजह से मामले की जानकारी एसडीओपी को भी दी गई। एसडीओपी एवं एफएसएल के टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी का कहना है कि सीता कुशवाहा का शव उसके कमरे में फांसी के फंदे में लटकता हुआ मिला है पति एवं अन्य सदस्य बाजू वाले कमरे में सो रहे थे, सुबह उठकर जब दरवाजा खोलने को पति एवं अन्य सदस्यों ने सीता को आवाज लगाई तो वह दरवाजा नहीं खोली, जिसके बाद दरवाजा तोड़कर देखा गया तो उसका शव फांसी पर लटका हुआ मिला है। पुलिस के अनुसार 2 साल पहले ही महिला की शादी हुई थी।

### पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का किया स्मरण



**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित कार्यों में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय है। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इस संकल्प को पुनः स्मरण किया गया। पृथ्वी दिवस के मौके पर ग्लोबल वार्मिंग, क्लाइमेट चेंज और प्रदूषण जैसे तमाम जरूरी मुद्दों को लेकर लोगों को जागरूक किया जाता है। इन सभी विषयों पर समय -समय पर इकाई द्वारा जागरूकता हेतु प्रयास किए जाते हैं - सात दिवसीय स्वच्छता कैंपेन, रैली, पौधारोपण, नर्सरी निर्माण, तालाब सफाई अभियान, संगोष्ठी आयोजन, 'से नो टू प्लास्टिक कैंपेन, पेपर बैग निर्माण व वितरण आदि। बीते कई दिनों से स्वयंसेवक सुचिता तिवारी द्वारा रासेयो गार्डेन का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने आस-पास उपलब्ध बीजों व पौधों का उपयोग कर सेप्लिंग व 'सीड बॉल' का निर्माण किया। वहीं स्वयंसेवक प्रीति विश्वकर्मा द्वारा पन्नियों से चटाई निर्माण किया जा रहा है। वे अनुपयोगी पन्नियों व प्लास्टिक का इस्तेमाल कर 'बेस्ट फ्रॉम वेस्ट ' का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं।

### 33 वाहन चालकों से वसूले शुल्क

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 23 अपै्रल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 33 चालानों में 10,500 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### रेत उत्खनन के संबंध में लोक सुनवाई 27-28 मई को

**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर ने आदेश जारी किया गया है कि रेत खदानों से उत्खनन के संबंध में लोक सुनवाई 27 एवं 28 मई को आयोजित की गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि तहसील जयसिंहनगर के रेत खदान सेमरपाखा हेतु लोक सुनवाई 27 मई को ग्राम पंचायत सेमरपाखा एवं गंधिया रेत खदान की लोक सुनवाई 28 मई को ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित की जाएगी।

## नाप तौल विभाग के संरक्षण की खुली पोल, 5 लाख में सौदेबाजी की चर्चा

# ..तो सालों से दो डिवाइस लगाकर कृष्ण ने किया करोड़ों का खेला

**भरौला स्थित के.के. वेयर हाऊस में शिकायत के बाद बीते दिवस नाप-तौल टीम मौके पर पहुंची, जांच के दौरान शिकायत की पुष्टि हुई और कांटे के एक प्लेटफार्म में दो इंडीकेटर पाये गये, जो अलग-अलग वजन बताते थे, वेयर हाऊस के संचालक कृष्ण कुमार गुप्ता सालों से यह खेला कर रहे थे, जिसकी दर्जनों शिकायतें लंबित थी, कार्यवाही के बाद अब नोटिस और जवाब की आड़ में 5 लाख के सौदे की चर्चा चौराहों पर होने लगी है।**




शहडोल। संभाग अंतर्गत उमरिया जिला मुख्यालय में दशकों बाद नाप-तौल विभाग की कोई बड़ी कार्यवाही सामने आई है, अलबत्ता विभाग निरीक्षण के नाम पर कागजी कोरम सिर्फ उमरिया ही नहीं, बल्कि संभाग के तीनों जिलों में दशकों से पूरा कर रहा है। भरौला स्थित के.के.वेयर हाऊस के संचालक के खिलाफ मिलरों एवं अन्य ने नाप-तौल के साथ ही अन्य मामलों की शिकायतें प्रशासन को दी थी, बकौल अर्पित जैन इस मामले में कहते हैं कि लगातार शिकायतें आ रही थी, जिस कारण निरीक्षण किया गया, जिसमें गड़बड़ी पकड़ी गई है, अन्य के साथ खुद कृष्ण कुमार गुप्ता ने भी कहा था कि हमारे यहां जांच कर लें, नाप-तौल अधिकारी के द्वारा आरोपी वेयर हाऊस के संचालक कृष्ण कुमार गुप्ता को लेकर दिया गया बयान कहीं न कहीं नाप-तौल अधिकारी पर लग रहे आरोपों को पुष्ट करता है, मुख्यालय के साथ ही मिलर के कारोबार से जुड़े लोगों पर यकीन करें तो, अर्पित जैन पहले तो कार्यवाही नहीं कर रहे थे, जब शिकायतकर्ताओं का दबाव बढ़ा तो, कार्यवाही की, इस दौरान अन्य लोग भी उपस्थित थे, इसलिए मौके पर मामले को दबाया नहीं जा सका। अब यह भी चर्चा है कि मिलर पर कार्यवाही का दबाव बनाकर नाप-तौल विभाग उससे सौदेबाजी कर रहा है।

### यह हुआ के.के. वेयर हाऊस में

कारोबारी कृष्ण कुमार गुप्ता के भरौला स्थित के.के.वेयर हाऊस में नापतौल विभाग ने शिकायतों के बाद मंगलवार को छापे की कार्रवाई की। गोदाम के कांटे में एक प्लेटफार्म होने के बावजूद दो इंडिकेटर डिवावाइस लगे पाए गए, जो कि नियम के विरूद्ध हैं। मंगलवार की दोपहर 1 बजे के आस-पास नाप-तौल निरीक्षक ने एफसीआई के विनय कुमार शर्मा और हिमांशु सिंह बघेल तथा अन्य के समक्ष जब्ती का मेमो बनाया, जिसमें यह उल्लेख किया गया कि ब्रिज के दो इंडीकेटर पाये गये, जबकि प्लेटफार्म एक ही है, एक इंडीकेटर क्रमांक 8डब्ल्यू 8818 में विभाग द्वारा सत्यापित की गई सील लगी हुई थी, जबकि दूसरा इंडीकेटर 38150629 विभाग द्वारा बिना सत्यापन किये हुए ही लगा था, इसके साथ ही लाल रंग के रिकार्ड रजिस्टर को भी जब्त किया गया, जिसमें 1 फरवरी 2024 से लेकर 23 अप्रैल 2024 तक के पृष्ठो को ही अंकित किया गया था, बाकी के शेष पृष्ठ रिक्त पाये गये थे, विभाग ने विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की सहपठित, मध्यप्रदेश विधिक माप विज्ञान नियम 2011 के प्रावधानों के अनुरूप न होने प्रथम दृष्टवव्या ही उल्लंघन पाया। अधिकारियों ने संबंधित रिकार्ड एवं रजिस्टर प्रथम दृष्टवव्या ही संदेहास्पद पाने के कारण जब्त कर लिए हैं।

### यह कह रहे अर्पित जैन

वेयर हाऊस के संचालक और उसके यहां हुई कार्यवाही के संदर्भ में जिला नापतौल अधिकारी अर्पित जैन ने बताया कि कांटे में दो डिवाइस का उपयोग गैरकानूनी है, जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक डिवाइस में सील लगी हुई थी, जबकि दूसरी का सत्यापन ही नहीं कराया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि जांच की यह

### शिकायत के बाद बेमन से नाप तौल विभाग ने की कार्यवाही

कार्रवाई मिलरों की शिकायत के बाद की गई है। केके वेयर हाऊस के संचालक कृष्ण कुमार गुप्ता पिता लालजी गुप्ता को नोटिस जारी किया जाएगा। बताया गया है कि मिलरों ने यह आरोप लगाया है कि कांटा में गड़बड़ी करके नापतौल में गड़बड़ी की जा रही थी। मिलरों को धान देते समय अलग डिवाइस का उपयोग किया जाता था जिससे कम धान भी ज्यादा दिखाई देती थी जबकि चावल लेते समय दूसरी डिवाइस का उपयोग किया जाता था जिससे चावल शॉर्ट हो जाता था। इससे मिलरों को खासा नुकसान हो रहा था। यही कारण है कि जिले के मिलरों ने इस मामले की कलेक्टर से शिकायत की थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

### 10 सालों में करोड़ों का खेल

के.के. वेयर हाऊस के संचालक की माने तो लगभग 10 साल से उनका वेयर हाऊस संचालित है, यही नहीं उनके यहां नाप-तौल विभाग ने छापा मारा और उन्हें इसकी खबर नहीं है, वहीं उन्होंने नाप-तौल अधिकारी के उस बयान का भी खण्डन किया, जिसमें अर्पित जैन ने बताया कि खुद कृष्ण कुमार गुप्ता ने शिकायतों के बाद जांच करने का आवेदन दिया था,वहीं मंगलवार को कार्यवाही के बाद केके वेयर हाऊस संचालक के पुत्र रोमी गुप्ता ने भी कहा था कि उन्हें अभी इस मामले में कोई जानकारी नहीं है कि नापतौल विभाग ने क्या कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि नापतौल विभाग के अधिकारी रूटीन जांच के लिए गोदाम में आते रहते हैं और संभवतः आज भी वे रूटीन जांच के लिए ही गोदाम आए होंगे। दरअसल अर्पित और कृष्ण कुमार के पल-पल बदलते बयानों की कहानी यह है कि वेयर हाऊस में एक की जगह दो कांटे लगे थे, पहले कांटे से अंदर आने वाली गाड़ी वजन होती थी, इसमें दो डिवाइस थे, एक सही जानकारी और दूसरा 15 क्विंटल कम वजन बताता था, निकासी के लिए दूसरा कांटा घर था, लेकिन जांच के दौरान एक कांटे का निरीक्षण किया, जो अपने आप में सवालों से घिरा हुआ है। कृष्ण कुमार गुप्ता और अर्पित जैन के बीच छापे के बाद मध्यस्थों ने बात कराई, वह भी बाजार में चर्चाओं में है। यह बताया जा रहा है कि पूरे मामले को नोटिस और निपटान के लिए 15 लाख रूपये विभाग की ओर से मांगे गये हैं, जो मोलभाव के बाद 5 लाख में तय हो गया है। हालाकि दोनों के फोन कॉल आदि की डिटेल ही इनके बीच सौदे की पुष्टि कर सकती है। हालाकि 10 सालों से हो रही अनाज के नापतौल में हेराफेरी और अब तक वजन हुए खाद्यान्न को जोड़ा जाये तो, करोड़ों का जुर्माना और आपराधिक प्रकरण संचालक के ऊपर अधिरोपित किया जा सकता है, शायद यही कारण है कि छापे से अनभिज्ञता और लाखों की सौदेबाजी पर ध्यान दिया जा रहा है।

### इनका कहना है...

मेरे यहां कोई छापा नहीं पड़ा, मैं संचालक हूं, यह बात सही है, लेकिन अभी बाहर होने के कारण किसी कार्यवाही की जानकारी मुझे नहीं है और न ही मैंनें नाप-तौल विभाग को स्वयं की फर्म की जांच का कोई आवेदन दिया है।

**कृष्ण कुमार गुप्ता**
**संचालक**
**के.के. वेयर हाऊस, उमरिया**

****

कार्यवाही के दौरान गड़बड़िय़ा पकड़ी गई है, अभी नोटिस दिया जायेगा, उसके बाद मिले जवाब के बाद ही आगे आपराधिक मामला या जुर्माने की स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

**अर्पित जैन**
**निरीक्षक**
**नाप-तौल विभाग, उमरिया**

## कमिश्नर एवं एडीजीपी ने खिलाड़ियों को दी बधाई



**बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता 27 से, खिलाड़ी चयनित**

**शहडोल।** राष्ट्रीय शालेय 17 वर्ष बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता गुरुग्राम हरियाणा में 27 से 30 अप्रैल तक आयोजित होगी, जिसका फ्री नेशनल कोचिंग कैंप शहडोल में 20 से 25 अप्रैल तक आयोजित किया गया। रईस अहमद सहायक संचालक खेल द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश की चयनित बास्केटबॉल टीम में लक्ष्य बत्रा शहडोल, उत्कर्ष शहडोल, सीकर शुक्ला शहडोल, कृष्णा चौरसिया शहडोल, रूद्र मनीष देसाई जबलपुर, अमन कश्यप इंदौर, आजम खान जबलपुर, आदित्य सिंह इंदौर, तनिष्क पांचाल उज्जैन, संगुशांत वर्मा भोपाल, सुनारिया ग्वालियर टीम के जनरल मैनेजर ओ. पी. चौधरी शहडोल, मैंनेजर जगजीत सिंह जबलपुर, वीरेंद्र श्रीवास्तव, के.के. श्रीवास्तव, जिन्होंने मध्य प्रदेश टीम को कोचिंग दिया एवं वीरेंद्र श्रीवास्तव को मध्य प्रदेश टीम का कोच नियुक्त किया गया, सभी खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर को बुधवार को बी. एस. जामोद कमिश्नर, डी.सी. सागर एडीजीपी शहडोल जोन, तरुण भटनागर कलेक्टर शहडोल, धर्मेंद्र कुमार जैन कलेक्टर उमरिया, आशीष वशिष्ठ कलेक्टर अनूपपुर, सविता सुहाने डीआईजी शहडोल ,कुमार प्रतीक एसपी शहडोल, जितेन्द्र सिंह एसपी अनूपपुर, मगन सिंह कनेश, संयुक्त आयुक्त ( विकास) कमिश्नर ऑफिस शहडोल, सहदेव सिंह मेरावी, उपसंचालक संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल संभाग, फूल सिंह मारपाची डीईओ शहडोल, आनंद राय सिंन्हा एसी शहडोल, रईस अहमद सहायक संचालक खेल, सभी ने खिलाड़ियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया, साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छे खेल का प्रदर्शन कर जीतने एवं अंतरराष्ट्रीय, ओलंपिक प्रतियोगिताओं में खेलने का आशीर्वाद दिया।

## दुल्हन लेने आये, बड़े पिता का शव लेकर लौटे

### देर से बारात पहुंचने पर दोनों पक्षों में हुआ विवाद



**उमरिया।** जिले के इंदवार थाना क्षेत्र में बारात लेट पहुंचने के विवाद पर मारपीट हो गई और इस दौरान मची अफरा-तफरी के बीच दूल्हे की कार की चपेट में आने से दूल्हे के बड़े पिता की मौत हो गई। इस बारे में जानकारी देते हुए इंदवार थाना अंतर्गत अमरपुर चौकी प्रभारी विजय सेन ने बताया कि दूल्हे की बड़े पिता की मौत के कारण विवाह का कार्यक्रम स्थगित हो गया और बारात दुल्हन की जगह लाश लेकर वापस लौट गई। यह स्थिति इसलिए निर्मित हुई क्योंकि बारात लेट पहुंचने से नाराज दुल्हन पक्ष ने वाद-विवाद शुरू कर दिया था और दूल्हे पक्ष पर हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कटनी जिले के ग्राम दीघी से मुकुल पटेल पिता सोनेलाल पटेल दूल्हा बनकर दुल्हन को लेने के लिए अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम सलैया में सुदामा पटेल की बेटी से शादी करने के लिए पहुंचे थे, लेकिन बारात काफी देर रात पहुंची, जिससे लड़की के घर वालों ने एतराज जताया। जिसके बाद देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और बारात वापस लौटने लगी।

**अस्पताल में तोड़ा दम**

दूल्हे की गाड़ी के ड्राइवर ने बहुत तेजी के साथ अचानक गाड़ी को बैक कर दिया, इस दौरान गाड़ी के पीछे खड़े दूल्हे के बड़े पिता सभापति पटेल और गांव का एक युवक गाड़ी की चपेट में आ गए, इस घटना में दूल्हे के बड़े पिता सेवानिवृत शिक्षक 64 वर्षीय सभापति पिता रामविशाल पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया।
हालांकि चर्चा यह भी है कि सभापति पटेल मारपीट की घटना में घायल हुए थे और जब उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए वाहन में बैठाया गया तो, आफरी के दौरान घायल सभापति पिता रामविशाल पटेल वाहन से नीचे गिर गए और उसकी चपेट में आने से गंभीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए कटनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीओपी नागेन्द्र सिंह बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच के आदेश दिए। वहीं इधर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बैंक के लॉकर से पार हुए लाखों के जेवरात!



**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले दातूमल विशनदासानी पिता मुरलीधर विशनदासानी ने थाना में शिकायत दर्ज कराई कि उसका बचत खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा बुढ़ार में हैं, जिसमें उन्होंने लॉकर सुविधा भी ली हुई है, लॉकर क्रमांक 149 का उपयोग उनके द्वारा किया जाता रहा है, शिकायतकर्ता ने शिकायत में उल्लेख किया है कि जब वह लॉकर का उपयोग करने के लिए बैंक में आया, तब लॉकर बैंक कर्मचारियों के सामने नहीं खुला, बैंक के कर्मचारी द्वारा पूछा गया कि आपने कितने समय से लॉकर उपयोग नहीं किया है, तब मेरे द्वारा बताया गया कि विगत 10 वर्षों से मैंने लॉकर का उपयोग नहीं किया, तब उनके द्वारा बोला गया कि हो सकता है, लॉकर जाम हो गया हो, इसको ब्रेक (तुड़वाना) पड़ेगा। मेरे द्वारा एक लेटर दिलवाया गया कि लॉकर तुड़वा दिया जाए, तब उन्होंने बाहर से किसी लॉकर वाले को बुलवाकर मेरे सामने एवं बैंक कर्मचारियों के सामने लॉकर तुड़वाया, लेकिन उसमें कुछ भी समान नहीं निकला, जिसका लॉकर तोडऩे का चार्ज जो मुझे देना था, मैने नहीं दिया। कुछ वर्ष पूर्व मेरे लॉकर का किराया बाकी होने पर बैंक द्वारा फोन से मुझे सूचना दी गई थी, तब मेरे द्वारा यह कहा गया था कि मेरी आर्थिक स्थिति अभी कुछ ठीक नहीं है, मैं कुछ समय बाद जमा कर दूंगा, जिसके बाद मेरे द्वारा बाद में जमा भी किया गया, लेकिन फोन पर बैंक कर्मचारियों द्वारा मुझे यह बोला गया था कि आपका लॉकर तोडक़र समान बैंक में सुरक्षित रख दिया जाएगा, जब आप पैसा जमा कर देंगे तो, आपको सामान दे दिया जाएगा उस बात को भी लगभग चार या पांच वर्ष हो गए हैं। पीड़ित ने पुलिस को दी गई शिकायत में उल्लेख किया था कि लॉकर में एक झोले के अंदर बैग में सोने की 8 नग चूड़ी, 2 नग सोने की अंगूठी, सोने का एक हार, सोने का लॉकेट, सोने के कान के 1 सेट झुमकें, जिसमें सोने की चैन भी लगी है, 1 सोने का हार का सेट जिसमें 1 सेट कान के झुमकें भी हैं, 1 सोने का भारी कंगन एवं अन्य कुछ छोटे-छोटे सामान रखा गया था, फरियादी ने पुलिस से उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

# खनिज माफियाओं ने की युवक से मारपीट

**शिकायत के बावजूद दर्ज नहीं हुआ अपराध, कप्तान से फरियादी ने की शिकायत**

**शहडोल।** जिले में खनिज माफियाओं का आतंक बढ़ता जा रहा है, आये दिन किसी ने किसी को निशाना बनाते हैं, खनिज माफियाओं को खनिज विभाग सहित स्थानीय वर्दीधारियों का खुला संरक्षण मिला हुआ है, बीते दिनों फरियादी राजेश यादव पिता रामकिंकर यादव निवासी ग्राम मलमाथर थाना गोहपारू ने कप्तान को शिकायत देते हुए बताया कि अरविंद त्रिपाठी पिता चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी, शिवम सिंह ठाकुर पिता चन्द्रशेखर सिंह ठाकुर निवासी बरहा, रामदास यादव पिता भारत प्रसाद यादव निवासी ग्राम रतहर, सुनील तिवारी पिता रामजी तिवारी, गुड्डा सोनी पिता कोदूलाल सोनी, मिथुन सिंह कंवर पिता झुल्ला सिंह कंवर, संजय तिवारी पिता शंभू दयाल तिवारी निवासी ग्राम खांड व अन्य दबंग माफियाओं द्वारा गिरोह बनाकर रात्रि 9 बजे ग्राम मलमाथर से ग्राम खांड पहुंच मार्ग के बीच शासकीय भूमि पर रात्रि के समय जेसीबी मशीन व 10 ट्रैक्टर लगाकर मुरूम का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे थे।

### शिकायत करना पड़ा भारी

फरियादी राजेश कुमार यादव ने इसकी सूचना दक्षिण वनमंडल अधिकारी को फोन दी, वन मंडल अधिकारी द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंज खन्नौधी से टीम गठित कर मुरूम का अवैध खनन क्षेत्र पहुंचे, टीम के साथ फरियादी भी गया था, अवैध मुरूम खनन एवं परिवहन करने का वीडियो बना रहा था, उसी वक्त दबंग माफियाओं द्वारा वन विभाग की टीम के समक्ष फरियादी पर जेसीबी मशीन के वाकिट से जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया, किन्तु वहां से मैं भाग गया, इसके बाद माफियाओं द्वारा मारपीट की गई, जिसके चलते छाती व अंदरूनी चोट आई, जिसके बाद फरियादी वहीं बोहोस हो गया।

### वन विभाग की टीम ने बचाया

फरियादी ने बताया कि वन विभाग की टीम द्वारा घटना स्थल से उसे प्राइवेट वाहन के अंदर बैठाया गया व मोटर सायकल वन विभाग की टीम द्वारा स्वतः चलाकर रेंज अफिस वन परिक्षेत्र खन्नौधी लाया गया, इसके बाद गोहपारू थाना प्रभारी को फोन कर घटना के संबंध में बताया गया, थाना प्रभारी द्वारा पुलिस भेजकर फरियादी को थाना बुलवाया गया, लिखित शिकायत होने के बावजूद थाना प्रभारी द्वारा वैधानिक कार्यवाही अब तक नहीं की गई। जबकि पुलिस द्वारा मेडिकल परीक्षण कराया गया है, पीड़ति ने कप्तान से दबंग माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।


## शासकीय भूमि पर हो रहा निर्माण

**ग्रामीणों ने की कार्यवाही की मांग**

**मानपुर।** जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ताला से लगे डोभा रोड में शासकीय आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है, वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्र की दीवार पर अजय साहू नामक व्यक्ति अपने दीवार आंगनबाड़ी की दीवार के ऊपर से खड़ी करवा दिया और तो और शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर यह निर्माण हो रहा है, जिम्मेदार व आलाधिकारी मौन है, जब इस संबंध में ताला पटवारी बसंत सेन से



जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा कहा गया कि अभी काम बंद है संबंधित के खिलाफ नोटिस जारी हुआ है, लेकिन यह सिस्टम नोटिस तक ही सीमित रह गया, ना तो आगे कोई कार्यवाही हुई ना ही भवन को धराशाई कराया गया। कलेक्टर से ग्रामीणों ने मांग की है कि साहू नामक व्यक्ति आंगनबाड़ी केंद्र के बगल से जो शासकीय जमीन में निर्माण कर रहे हैं उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, जिससे आने वाले समय में दोबारा अतिक्रमण ना हो सके।



## खबर संक्षेप

### नियम विरूद्ध वाहन चलाने पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 22 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 77 चालानों में 25.500 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### जिला मीडिया प्रभारी के मां का निधन



**जमुना/बदरा।** जमुना निवासी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनूपपुर राजेश सिंह की माता जी का स्वर्गवास हो गया। जिना अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे केवई नदी घाट भालूमाड़ा में किया गया। लोगों ने ईश्वर से मृत आत्मा की शांति शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** पपौंध थाना क्षेत्रांतर्गत 22 अप्रैल को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति द्वारा बड़ी मात्रा बिक्री करने के उद्देश्य से अवैध शराब रखी हई है। प्राप्त सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम खडेह में दबिश देकर आरोपी कर्णबीर उर्फ शानू सिंह पिता राघवेन्द्र सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम ओदारी के कब्जे से 60 पाव देशी प्लेन मदिरा शराब कीमती 3,600 रूपये मौके पर पायी गई जिसे जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक विपिन बागरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी प्रकार बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति द्वारा बिक्री करने के उद्देश्य से अवैध शराब रखी हई है। प्राप्त सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम घुरवे में दबिश देकर आरोपी बहादुर सिंह पिता बंशरुप सिंह गोंड उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम घुरवे के कब्जे से 20 पाव देशी प्लेन मदिरा शराब कीमती 1,600 रूपये मौके पर पायी गई जिसे जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक हरी कीशोर जाटव की महत्वपूर्ण भूमिका रही

## पंचायत में लाखों का हूआ भूगतान, जांच के बाद उठेगा भ्रष्टाचार से पर्दा

# साहब...छूदा में भाई की फर्म को रोजगार सहायक ने किया भुगतान

**शहडोल।** गावों के विकास कार्य की रूपरेखा तैयार करने में पंचायतें ही अहम भागीदारी निभाती हैं। लेकिन यह अब एक सिद्धांत की बात रह गई है। वास्तविकता यह है कि ग्रामपंचायतों में केवल सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक ही राज कर रहे हैं। यहां ग्राम सभाओं का आयोजन तक नहीं होता है। बीते वर्षो में पंचायतों का विकास होना था, लेकिन पंचायतों का विकास छोड़ पंचायतों के जिम्मेदार, उनके रिश्तेदार के साथ ही पंचायतों में कागजी फर्म बनाकर निर्माण सामग्री सप्लाई करने वालों का जमकर विकास हुआ है, इस पूरे भ्रष्टाचार में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक सहित जनपद में बैठे जिम्मेदारों ने रिश्तेदारों के नाम पर फर्म बनाकर नियम विरूद्ध भुगतान किया। पूरे मामले में तत्कालीन जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की भी भूमिका कटघरे में नजर रही, उन्हें सबकुछ ज्ञात होने के बाद भी दोषियों पर कार्यवाही न होना आज भी समझ से परे है।

क्षेत्रीय विक ास की संरचना तैयार कर समस्याओ का निराकरण कराने के लिए लागू पंचायती राज व्यवस्था अब सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक की बंधुआ बन कर रह गई है। सक्षम सरकारी अफसर भी इन्हे प्रश्रय दे रहे हैं। योजनाओं की राशि में धांधली, फर्मों के फर्जी भुगतान, मजदूरी में लाभ लेना यहां का शगल बन चुका है। निर्माण कार्यों में ठेकेदारी भी इन्ही के रिश्ते दारों द्वारा की जा रही है। लेकिन आपत्ति जताने वाला कोई नहीं। छूदा ग्राम पंचायत में बीते वर्षो जमकर फर्जीवाड़ा किया गया है। रोजगार सहायक ने अपने भाई के नाम से फर्म बनाकर बिल लगाकर लाखों रुपये का भुगतान भाई के फर्म को किया है। लेकिन कार्रवाई आज तक नही हुई।




### यह है मामला

जयसिंहनगर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत छूदा के रोजगार सहायक चंद्रप्रकाश गुप्ता भी धंधेबाजी में किसी से पीछे नहीं हैं। इन्होने अपने भाई के नाम की एक फर्म बनाई और फिर ग्राम पंचायत में बीते वर्षो लाखों की निर्माण सामग्री सप्लाई की है। आरोप हैं कि कथित रोजगार सहायक के भाई की फर्म मोनू ट्रेडर्स के संचालक को निर्माण का ऑफ रिकार्ड ठेका भी दिया गया। पूरा मामला ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच सहित जनपद में बैठे जिम्मेदारों के संज्ञान होने के बावजूद कथित रोजगार सहायक पर किसी प्रकार की कार्यवाही आज दिनांक तक न होना, पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

### इन योजनाओं में लिया भुगतान

ग्राम पंचायत में मोनू ट्रेडर्स द्वारा जनभागीदारी योजना से ढोढहा में स्टाप डैम निर्माण में 2 लाख 9 हजार 976 रूपये का भुगतान लिया है। ग्रामीण विकास विभाग आईएपी योजना से खाद्य गोदाम निर्माण के लिए 40 हजार का भुगतान किया गया, इसके अलावा चौदहवें वित्त से मोतीलाल के घर से बेटईलाल के घर तक बनने वाली पीसीसी रोड निर्माण के लिए 1 लाख 33 हजार 625 रूपये भुगतान किया गया, उक्त भुगतान तो एक बानगी है, कथित वेण्डर को बीते वर्षो में लाखों के भुगतान कर दिये गये, लेकिन आज तक जिम्मेदार कार्यवाही की जहमत नहीं उठा पा रहे हैं।

### खनिज संपत्ति में भी चोरी

ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्यों में उपयोग में लाई जाने वाली खनिज सामग्री की रॉयल्टी पर्ची बिल के साथ नहीं लगाई जाती। ग्राम पंचायत में निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत स्वयं होती है, आरोप हैं कि निर्माण एजेंसी में रोजगार सहायक चंद्रप्रकाश गुप्ता के होने के चलते सांठ-गांठ कर रॉयल्टी की चोरी भी की गई है। जिससे खनिज विभाग के राजस्व को भी जमकर नुकसान हुआ है, चर्चा है कि अगर पूरे मामले में बिलों में की खनिज की सप्लाई की अगर रॉयल्टी की जांच की जाये तो, चोरी के खनिज की सप्लाई सहित फर्जी का का खुलासा हो सकता है।

### ऑडिट पर उठे सवाल

ग्राम पंचायत छूदा में विभिन्न मदों से हुए निर्माण कार्यो में लगाये गये बिलों में जमकर धांधली होने की चर्चा है, ग्राम पंचायत के ऑडिट के लिए रीवा, भोपाल सहित ग्वालियर से टीमें समय-समय पर आती है, लेकिन ग्राम पंचायत छूदा में हुए भुगतान से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंचायत में होने वाला ऑडिट किस तरह से हुआ है और ऐसे भुगतानों पर ऑडिट में भी कोई आपित्त नहीं की गई। ग्राम पंचायत में भण्डार क्रय नियमों का भी माखौल उड़ाया गया है, लेकिन जिन्हें नियम का पालन करना था एवं जिन्हें नियम पालन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। दोनों ने ही आपस में सांठ-गांठ कर शासन की राशि की जमकर होली खेली है।

# सीसीटीव्ही के माध्यम से होगी स्ट्रांग रूम की निगरानी

**शहडोल।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने जानकारी दी है कि 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न होने के पश्चात मतांकन उपरांत ईव्हीएम मशीने शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल के स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में सुरक्षित अभिरक्षा में रखी हुई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम सुरक्षा हेतु शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज में त्रिस्तरीय सशस्त्र बल तैनात है। प्रथम स्तर पर (आंतरिक सुरक्षा) में आवश्यक सीएपीएफ बल तैनात किया गया है। सीएपीएफ का आवश्यक सशस्त्र बल 24 गुणे 7 सुरक्षा हेतु तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर मध्य का रहेगा इस स्तर की सुरक्षा हेतु विशेष सशस्त्र बल का गार्ड तैनात किया गया है। तृतीय स्तर बाह्य सुरक्षा रहेगी। जिस हेतु स्थानीय जिला पुलिस बल तैनात किया गया है। अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा स्ट्रांग रूम के डबल लॉक की निगरानी हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा हेतु सीसीटीव्ही कैमरे एवं स्क्रीन की व्यवस्था की गई है साथ ही पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों के ठहरने हेतु उचित व्यवस्था की गई है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल में सुनिश्चित कर ली गई है। शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज में 24 घंटे कन्ट्रोल रूम संचालित है। स्ट्रांग रूम के बाहर व पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था की गई हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी, विष्णुकांत विश्वकर्मा, जिला प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शहडोल को नियुक्त किया गया है। संपूर्ण व्यवस्था हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व सोहागपुर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी जयसिंहनगर तथा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) शहडोल की ड्यूटी लगाई गई है। बिना सक्षम अनुमति किसी भी व्यक्ति का पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में प्रवेश निषेध है।

# पिनौरा में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

## पूजा-अर्चना के बाद भण्डारे का हुआ आयोजन

**नौरोजाबाद।** उमरिया जिले के ग्राम पंचायत पिनौरा में धूम-धाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया, हनुमान जी के जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ और मंदिर प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया, भजन-कीर्तन के साथ लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पिनौरा ग्राम पंचायत निवासियों के द्वारा विधि-विधान से पूजा भी की गई, अगर तन-मन और धन से हनुमान की पूजा अर्चना की जाए तो वह बेहद प्रसन्न होते हैं।



### श्रद्धालुओं का लगा तांता

जन्मोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई, पंडितजी ने हनुमान जी के जीवन पर प्रकाश डाला, उनके शक्ति एवं श्रीराम के साथ किए गए सहयोग का उल्लेख किया। प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि माता सीता के सिर पर लगे सिदूर के बारे जब जानना चाहा, तो माता ने कहा कि ये भगवान राम को प्रिय है। उनके दीर्घायु जीवन कामना के लिए लगाती हूं। इस पर हनुमान जी ने कहा कि जब भगवान को अति प्रिय है सिदूर, तो क्यों न हम पूरे शरीर पर सिदूर का लेपन कर लूं, जिससे भगवान पर किसी भी प्रकार का कष्ट न आए और वह दीर्घायु बनें रहे। सुबह में मंदिर पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना की, बाद में प्रसाद वितरण किया गया, हनुमान मंदिर में मानस पाठ का आयोजन किया गया, इसके अलावा प्रसाद वितरण हुआ, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# दो मोटर साइकिल चोर गिरफ्तार

### इंदवार पुलिस ने किया खुलासा



**उमरिया।** फरियादी पुष्पराज सिंह पिता रामलाल सिंह सिकरवार उम्र 43 साल निवासी ग्राम जोबी द्वारा उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 अप्रैल को मैं अपनी गाड़ी मोटर सायकल पैशनप्रो क्र. एमपी 18 एमजी 7970 घर के आंगन में खड़ी किया था, हम लोग घर के अंदर थे रात्रि समय करीब 09 बजे घर के अंदर से बाहर निकल कर देखा तो मेरी मोटर सायकल घर के आंगन में नहीं थी। तब रोड में आकर मैं, मेरा लड़का शिवम एवं भतीजा शिवेन्द्र देखे कि संदीप विश्वकर्मा ग्राम पड़खुरी का मेरी मोटरसायल लेकर तेजी से जाते हुए दिखा था। तब संदीप विश्वकर्मा के घर व आस पास संदीप विश्वकर्मा व मोटरसायकल की पता तलाश किया लेकिन वह नहीं मिला। संदीप के परिजनों से जानकारी ली गई लेकिन कोई पता नहीं चला, तब फरियादी की रिपोर्ट पर थाना में संदीप विश्वकर्मा के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया गया था जो थाना इंदवार में धारा 379 ताहि. पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पूछताछ में जुर्म किया स्वीकार

दौरान विवेचना में वरिष्ट अधिकारियों से उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर घटनास्थल पहुंच कर गवाहों एवं आस पास के लोगों से पूछताछ कर कथन बयान लिया गया, मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया एवं आरोपी की पतासाजी की गई। पुलिस टीम की सक्रियता से संदीप विश्वकर्मा एवं चोरी की मोटरसायकल की पूछताछ एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पड़खुरी के संदीप विश्वकर्मा से जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपी से पूछताछ की गई जिस पर पता चला कि शुभम विश्वकर्मा निवासी दुर्गा मोहल्ला पपौद थाना पपौद जिला शहडोल कि मोटरसायकल रिपेयरिंग की दुकान में रखी है, जिसका पता आरोपी संदीप द्वारा बताया गया जिसे पुलिस द्वारा जप्त किया गया तब शुभम विश्वकर्मा से पूछताछ की गई तो शुभम विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा मोटरसायकल पैशन प्रो क्र. एमपी 18 एमजी 7970 का इंजन अन्य मोटरसायकल पैशन प्रो एमपी 18 एमजी 1241 से आपस में बदल दिया गया है। जिसके बाद शुभम विश्वकर्मा से मोटरसायकल पैशन प्रो एमपी 18 एमजी 1241 को जप्त किया गया एवं दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधि संगत कार्यवाही की गई। माननीय न्यायालय में पेश किया गया

### ये आये गिरफ्त में

संदीप विश्वकर्मा पिता श्यामलाल विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष नि. ग्रा. पड़खरी थाना इंदवार जिला उमरिया (म.प्र.), शुभम विश्वकर्मा पिता रामलाल विश्वकर्मा उम्र 27 वर्ष नि. दुर्गा मोहल्ला पपौध जिला शहडोल को 23 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया है।

### इनकी रही भूमिका

कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के कुशल मार्ग दर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया व एस.डी. ओ.पी. नागेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी इंदवार मुकेश मर्सकोले, प्रधान आरक्षक अजय सिंह, आरक्षक उपेन्द्र सिंह, संजय गंगराडे, रितेन्द्र अमित खरते, पवन चक्रवर्ती महिला आरक्षक जीवनी सिंह का योगदान रहा।

## जिले में 10 वी का 47.74 प्रतिशत एवं 12 वीं का 48.95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा

**उमरिया।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर उमरिया जिले की कक्षा 10वीं में कुल 6997 परीक्षार्थी दर्ज थे जिसमें से 6930 सम्मिलित हुये थे जिसमें से कुल 2627 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये जिनका परीक्षा परिणाम प्रतिशत 47.74 रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 5603 परीक्षार्थी दर्ज थे जिसमें से 5569 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये तथा कुल 2726 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये जिनका परीक्षा परिणाम प्रतिशत 48.95 रहा। कक्षा 12वीं की प्रदेश स्तर की मेरिट सूची में जिले के किसी छात्र द्वारा स्थान प्राप्त नही किया गया है। कक्षा 10वीं में प्रदेश स्तर की मेरिट सूची में अशा. ब्रम्हर्षि बावरा शिक्षा संस्थान तपोवन सलैया की छात्रा कु. सुहानी जायसवाल पिता नीरज जायसवाल द्वारा 488 अंक प्राप्त करते हुये सातवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह 10 वी में जिले की मेरिट सूची में तीन छात्रों ने स्थान प्राप्त किया है, जिसमे आदित्य प्रताप सिंह नव ज्योति एकैडमी स्कूल मानपुर ने 600 में से 483 अंक प्राप्त किया है। प्रगति गुप्ता सेंट जेवियर्स स्कूल मानपुर ने 600 में से 479 ने अंक अर्जित किया है । इसी प्रकार प्रज्ञा शुक्ला सेंट जोसेफ हाई स्कूल विंध्यान पिनौरा ने 600 में से 478 अंक अर्जित किया है। इसी प्रकार 12वी में 9 बच्चों ने जिले की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया है। वर्ष 2024 का प्रदेश का कक्षा 12वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 64.49 तथा कक्षा 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 58.10 रहा।

# सारे काम छोड़ दिए- शत प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किए



**उमरिया।** लगन और मेहनत से किए गए कार्यो में सफलता निश्चित होती है। लोकसभा निर्वाचन के लिए 19 अप्रैल को संपन्न हुए मतदान में पिपरीटोला के मतदाताओ ने शत-प्रतिशत मतदान करके अपनी दृढ इच्छा शक्ति तथा लोकतंत्र के प्रति आस्था व्यक्त की है । जिला प्रशासन उमरिया पिपरीटोला ग्राम के समस्त मतदाताओं के समन्वित प्रयासों की सराहना करता है तथा उनके द्वारा रचे गये इतिहास से पूरा जिला गौरान्वित महसूस कर रहा है । जिले के 6 मतदान केन्द्रों ने शत प्रतिशत मतदान करके उमरिया जिले को निर्वाचन के क्षेत्र में पूरे देश के पटल पर लाकर खड़ा कर दिया है। मैं सभी मतदाताओं के प्रयासों तथा उनकी जागरूकता के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए जिला प्रशासन की टीम के साथ आपके गांव आया हूं। यह विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने ग्राम पिपरीटोला में आयोजित मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

पिपरीटोला ग्राम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने हनुमान जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा अर्चना की। उन्होने गांव के वरिष्ठ, युवा, महिला तथा विशेषकर वे मतदाता जो रोजी-रोटी की तलाश में प्रदेश के बाहर गये हुए थे को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए सुनील यादव आंध्रप्रदेश राजमण्डी, यशवंत सिंह परिहार महाराष्ट्र चंद्रपुर, नत्थू लाल, राकेश केवट, सुरेश केवट महिपत केवट तथा रामनरेश केवट स्वयं के व्यय से मतदान के लिये अपने गांव आये थे। चंद्रपुर महाराष्ट्र से आये यशवंत सिंह परिहार ने बताया कि जब हमारे परिवार जनों ने मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन स्वयं गांव आये थे तथा उन्होंने एक-एक परिवार के मुखिया से मिलकर मतदान के महत्व तथा उन्हें मतदान दिवस पर गांव बुलाने की चर्चा की थी, उससे प्रभावित होकर हम सबने ठाना था कि 19 अप्रैल को मतदान करने अपने गांव अवश्य आयेंगे।

इसके पूर्व मतदाता आभार महोत्सव जब कलेक्टर पिपरीटोला पहुंचे तो ग्रामीणों ने बैण्ड बाजे, तथा परंपरागत आदिवासी नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन जिले के हर नागरिक की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेगा। जिन मतदान केन्द्रों ने शत-प्रतिशत मतदान करके जिले का गौरव बढ़ाया है वे सभी ग्राम हमारे लिए प्राथमिकता के ग्राम होंगे।

इस अवसर पर उन्होनें बीएलओ विनोद सिंह, नोडल अधिकारी सी. बी. मांझी, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्र त्रिपाठी, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, संजय पाण्डेय, सहायक स्वीप नोडल अधिकारी आशीष श्रीवास्तव, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला, शशांक गुप्ता, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती गुप्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता का शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन का आदिवासी परंपरा के अनुसार खोम्हरी पहनाकर तथा शाल श्रीफल भेंटकर सम्माानित किया ।




# नौरोजाबाद में घूमधाम के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**नौरोजाबाद।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा एवं कन्या भोज का आयोजन समिति के द्वारा किया गया।

संकट मोचन भगवान हनुमान जी का विधि-विधान और परंपराओं के साथ पूजा-अर्चना पुजारी लल्लू महाराज पण्डितजी के द्वारा कराया गया और महावीर जी को सिंदूर लगाकर चोला चढ़ाया गया।

## दिन भर हनुमान मंदिर में भक्तों का लगा रहा तांता

### भक्तों ने की पूजा-अर्चना

सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान जी की पूजा करने के लिए सभी मंदिरों पहुंच रहे थे और पूजा करते हुए नजर आए, हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। कृष्णा कॉलोनी में समिति के द्वारा हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों को सजाया भी किया गया था। नगर के सभी मंदिरों में हनुमान जन्म उत्सव धूमधाम से मनाते हुए लोग नजर आए, वही हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ दिन भर रही। हनुमान मंदिर पर बड़ी ही भव्य साजो सज्जा की गई और सुबह से मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। भगवान हनुमान जी की अलग-अलग विधि विधान और परंपराओं के अनुसार पूजा अर्चना की जा रही थी। कई जगहों पर हनुमान जी को चोला चढ़ाया जा रहा था। नगर के कई मंदिरों में भव्य स्तर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया है। मंदिर के अध्यक्ष संदीप तिवारी, सचिव सुशील वर्मा, राहुल सीतलानी, बिज्जू बर्मन,झाला नरेश पटेल, कविता पांडे, शिवम पांडे, गौरव पांडे, के. के. पांडे, शुभाम पांडे पाडु, बावनजी, अन्नू बर्मन, सनी बर्मन, मोनू बर्मन, रोहिणी बर्मन, महिला रामायण कमेटी की पूरी टीम के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया है।

# वन विभाग ने पकडा दो नीलगिरी लकड़ी लोड वाहन


**कोतमा।** अवैध उत्खनन परिवहन एवं अवैध वन अपराधो पर लगाम लगाने हेतु मुख्यवनसंरक्षक वनवृत शहडोल एल एल उइके एवं वनमंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पन्द्रे के निर्देशन तथा उप वनमंडलाधिकारी अनूपपुर पीके खत्री के मार्गदर्शन अनुसार वनपरिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत बीट सकोला की रात्रिकालीन गस्ती दौरान आज 23 अप्रैल को दो नीलगिरी वाहन अवैध परिवहन करने के दौरान पकडा गया है। दोनों माजदा (मिनी ट्रक टाटा) वाहन 1-वाहन क्रमांक एमपी 08 सीए 3760 चालक जगन्नाथ सोनवानी निवासी



अमरपुर जिला जीपीएम (छ.ग.) वाहन मालिक राहुल मिश्रा निवासी कटनी 2-वाहन क्रमांक सीजी 10 एएल 4844 वाहन चालक चंदन प्रजापति निवासी पेन्ड्रा कुडकई जिला जीपीएम (छ.ग.) वाहन मालिक लखन प्रजापति निवासी पेन्ड्रा जिला जी पी एम (छ.ग.) बताया गया। दोनो वाहन की जप्ती कर वाहन फारेस्ट कैम्पस कोतमा में लाकर खडा कराया गया है तथा नियमानुसार अवैध परिवहन के तहत कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में हरीश तिवारी वन परिक्षेत्राधिकारी कोतमा, एके निगम उपवनक्षेत्रपाल, बिहारी लाल रजक बीटगार्ड सकोला, कुशल प्रसाद मानिकपुरी बीटगार्ड हरद, राघवेन्द्र तिवारी बीटगार्ड पवराधार एवं अंशकालिक सुरक्षा श्रमिक बुद्धसेन सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित वाहन पलटने से एक युवक की मौत



**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम भेड़ा में बारात की विदा कराकर लौट रही एक बुलेरो जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण उसमें सवार एक 21 वर्षीय फोटोग्राफर की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक पड़ोसी जिला पन्ना के शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम बोरी निवासी सुशील पिता रामू पाल पेशे से फोटोग्राफर था। वह बीतीरात एक विवाह समारोह की फोटोग्राफी करने बारात के साथ रीठी थाना अंतर्गत ग्राम भेड़ा गया था। बताया जाता है कि सुबह बारात की विदा हुई तो सुशील भी बारातियों की एक बुलेरो जीप में सवार होकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम भेड़ा के ही समीप तेज रफ्तार बुलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण सुशील की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बारात में शामिल एक अन्य युवक राघवेन्द्र साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस सुशील का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### पांचवी में 91.41 एवं आठवी में 89.36 फीसदी छात्र हुए उत्तीर्ण

**कटनी।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा सत्र 2023-24 में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम मंगलवार 23 अप्रैल को घोषित किया गया है। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि कक्षा 5वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं में जिले के 21 हजार 289 छात्र शमिल हुए थे। जिनमें से 19 हजार 460 छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 91.41 प्रतिशत रहा। इनमें से 4हजार 651 छात्रों ने ए प्लस व ए ग्रेड हासिल किया है, इस प्रकार कुल 21.85 फीसदी छात्र ए प्लस एवं ए ग्रेड से उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 5वीं के घोषित रिजल्ट में कटनी जिले ने मध्यप्रदेश में 33वा स्थान अर्जित किया है। जबकि कक्षा आठवी की परीक्षा में जिले के शामिल 20 हजार 352 छात्रों मे से 18 हजार 187 छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 89.36 फीसदी है इनमे से 6 हजार 461 छात्र एप्लस तथा ए ग्रेड से उत्तीर्ण हुए है इनका प्रतिशत 31.75 है। कक्षा 8वी के घोषित रिजल्ट मे कटनी जिले ने मध्यप्रदेश में 21वा स्थान अर्जित किया है।

### मतदान दलों को आज की जाएगी सामग्री वितरण

**कटनी।** खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को देखते हुए कृषि उपज मंडी परिसर से आज गुरूवार की सुबह 6 बजे से मतदान दलों को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन सहित मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा। इसके लिए करीब 900 शासकीय कर्मियों की तैनाती की गई है। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान सामग्री वितरण हेतु 23-23 काउंटर बनाए गए है। प्रत्येक काउंटर की व्यवस्था हेतु 10 कर्मियों की डयूटी लगाई गई है। इस प्रकार 69 काउंटर में कुल 690 सामग्री वितरण कर्मी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा माईक्रो आब्जर्वर एवं सेक्टर अधिकारी के अलावा अतिरिक्त काउंटर भी बनाया गया है। सामग्री वितरण स्थल मे हर विधानसभा के लिए 4-4 हेल्प डेस्क के अलावा यहां पहुचने वाले मतदान दलों के लिए शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य की दृष्टि से आपात व्यवस्था के नजरिये से चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती भी की गई है। मतदान सामग्री वितरण से संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को 25 अप्रैल को प्रातः 5:30 कृषि उपज मण्डी परिसर कटनी में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### पीले चावल देकर मतदान करने दिया बुलौआ

**कटनी।** बुधवार को जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामवासियों के घर- घर पहुंचकर पीले चावल देकर 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करनें का बुलौआ दिया गया।

# धनपुरी में इकलौता पार्क की कमी खल रही

## नगर पालिका का पार्क बदहाल, सुकून के दो पल के लिए कोई व्यवस्था नहीं







बच्चों की स्कूल की छुट्टियां होना शुरू हो गई है लेकिन नगर में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई जहां दो पल सुकून के बीताये जा सकें। 4 दशक पूर्व नगर पालिका के द्वारा बाल उद्यान का निर्माण कराया गया था।

धनपुरी।

जहां सुबह शाम होते ही बच्चे बूढ़े नवजवान पार्क की और दौड़ लगा देते थे जहां तरह-तरह के फूल हरियाली लोगों के मन तन फूलों की सुगंधित से मन प्रफुल्लित हो जाता था न जाने किसकी नजर लगी की वर्षों पुराना हरा भरा नगर का इकलौते पार्क को शादी घर बना दिए जाने के कारण बच्चों बूढ़ों और युवाओं की उम्मीदों पर पानी फिर कर रह गया है। नया पार्क का विचार नगर पालिका द्वारा नए पार्क के बारे में विचार किया जा रहा है, लेकिन पुराने पार्क की सुरक्षा और उसे उपयोगी बनाए रखने की दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे नगर वासियो में आक्रोश व्याप्त है। मौजूदा पार्क में लाखों रुपए खर्च कर लगाई गई फिसल पट्टी, झूले व अन्य खेल उपकरण लगभग नष्ट हो चुके हैं, लाखों रुपए खर्च कर लाए गए विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे सूख रहे हैं, क्या उनकी सुरक्षा का दायित्व नगरीय निकाय का नहीं है?शोपीस बने खेल उपकरणप्राप्त जानकारी के अनुसार पार्क में मनोरंजन के संसाधनों की कमी के चलते कभी वीरान पड़े रहने वाले शहर के वार्ड नंबर 2/4 पार्क नगर पालिका के प्रयासों से 1 वर्ष पूर्व पार्क को आकर्षण सुंदर सुसज्जित किए जाने को लेकर बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले फिसल पट्टी भी लगाई गई तरह-तरह की फूल से पार्क में लगाया गया था। सौंदरीकरण के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए गए थे। आज देख देख के अभाव में पार्क लगाई झूला घिसलपट्टी चकरी खराब शो पीस बनकर रह गया है।पानी का अभाव, गंदगीपार्क में साफ सफाई न होने से जगह-जगह कचरा के ढेर लगे हुए हैं पार्क में घूमने वाले जगह में टूटे-फूटे शीशे के टुकड़े भी पड़े हैं सफाई न होने से लोगों को पार्क में नहीं जाते हैं।लाखों रुपए खर्च कर पार्क की रौनक पहले से और खराब हो गई। पार्क में पानी समुचित व्यवस्था न होने के चलते नगरपालिका के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर फूल पौधे लगाए गए थे वह सूख गए और बचे कुचे पौधे भी धीरे-धीरे खराब होते जा रहे हैं पार्क की रौनक देखने को नहीं मिल रही है। लग्न मंडप से सत्यानाशपार्क की जगह लगन मंडप होने से शादी के समय शादी से निकलने वाली अधिकांश कचरा पानी कागज डिस्पोजल पार्क में फेंक दिए जाते हैं जो हप्तो पड़े रहते हैं जिस जगह-जगह गंदगी फैली रहती है। पार्क की देखरेख की व्यवस्था नगर पालिका की जिम्मेदारी में जिसे दिया गया है वह पूरी तरह से लापरवाही करती जा रही है पार्क के अंदर जानवरों का डेरा बना रहता है जिससे गोबर जगह गंदगी जानवरों के द्वारा पार्क में लगे पेड़ पौधे को खराब कर रहे हैं जिसे देखने वाला कोई नहीं।एक संभलता नहीं दूसरे की तैयारी धनपुरी में इकलौता पार्क की देखरेख नहीं हो रही है वही नगर पालिका दूसरे पार्क बनाने की व्यवस्था में जुड़ गई है। धनपुरी में पार्क के नाम पर पार्क सुंदरीकरण के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं लेकिन पर की रौनक कब लौटेगी किसी को नहीं मालूम है।

# 12th रीवा की बेटी अंशिका ने गणित विषय से प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान





## अंशिका की ऊंची है सपनों की उड़ान , आईआईटी करने के बाद आईएएस बनना

**रीवा ।** मध्यप्रदेश में हाई स्कूल और हायर सेकेंड्री के परीक्षा परिणाम आ चुके है रीवा रविदास नगर बोदाबाग रहने वाली अंशिका मिश्रा हायर सेकेंडरी में प्रदेश मे पहला स्थान प्राप्त किया है। अंशिका शिक्षा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल बोदा बाग में पढ़ाई करती है अंशिका के पिता ज्ञानेंद्र मिश्रा किसान है वही अंशिका के माता जी ग्रहणी है अंशिका एक मध्यम परिवार की बेटी हैं अंशिका का एक छोटा भाई है जो 9th क्लास से इसी स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। अंशिका ने मैथ विषय से 98.6% मार्क्स ला कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है अंशिका के केमिस्ट्री में 100 में से 100 अंक मिले है फिजिक्स में 98 गणित में 99 हिंदी और अंग्रेजी में 99 प्रतिशत अंक आए है। उनकी इस कामियाबी के बाद परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। वही अंशिका 24 घंटे में 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती थी उनकी पढ़ाई में परिवार और स्कूल के शिक्षको का पूरा सहयोग रहता था उन्होने अपनी इस कामयाबी के लिए परिवार के साथ ही स्कूल के शिक्षकों का ध्यनवाद किया है।अंशिका के माता-पिता का कहना है कि हमारी बिटिया से हमने कभी अपने घर का काम नहीं कराया । हमारी बिटिया ने कड़ी मेहनत व अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर पढ़ाई करके प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है इसका श्रेय हम विद्यालय के शिक्षकों को देते हैं।

# 10th रीवा की बेटी स्नेहा ने प्रदेश में हासिल किया दूसरा स्थान





**रीवा ।** मध्यप्रदेश में हाई स्कूल और हायर सेकेंड्री के परीक्षा परिणाम आ चुके है रीवा की रहने वाली स्नेहा पटेल ने हाई स्कूल में प्रदेश मे दूसरा स्थान प्राप्त किया है। रीवा के अनंतपुर की रहने वाली स्नेहा इंडियन एक्सलेंस स्कूल में पढ़ाई करती है उन्होंने इस कामियाबी के बाद परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। स्नेहा पटेल की पिता धीरमणि पटेल प्रापर्टी डीलर है और माता सुशीला पटेल ग्रहणी है स्नेहा से छोटी उसकी एक बहन और भाई है। वो सातवी क्लास से इस स्कूल में पढ़ाई कर रही है। स्नेहा 98.6 प्रतिशत मार्क्स ला कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है स्नेहा को संस्कृति में 100 में से 100 अंक मिले है मैथ में 98 हिंदी में 99 अंग्रेजी में 97 और सोशल साइंस में 99 प्रतिशत अंक आए है। आगे वो नीट की तैयारी करेंगी वही स्नेहा 24 घंटे में 9 से 10 घंटे पढ़ाई करती थी उनकी पढ़ाई में परिवार और स्कूल के शिक्षको का पूरा सहयोग रहता था उन्होने अपनी इस कामयाबी के लिए परिवार के साथ ही स्कूल के शिक्षकों का ध्यनवाद किया है। वही स्नेह के माता-पिता का कहना है कि हमारी बिटिया बहुत ही मेहनती फोन व सोशल मीडिया से दूरी बनाकर हमारी बेटी ने पढ़ाई किया है इसका श्रेय हम विद्यालय के शिक्षकों को देते हैं।

# जिले में बनाए गए 435 मिक्स पोलिंग बूथ

## मिक्स पोलिंग बूथ में तैनात होंगे महिला और पुरूष मतदान कर्मी

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए जिले भर में 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 435 मिक्स मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि मिक्स पोलिंग बूथ में मतदान दल में पुरूष और महिला मतदान कर्मी शामिल हैं। निर्वाचन कार्य में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मिक्स पोलिंग बूथ बनाए गये हैं। विधानसभा क्षेत्र रीवा में 100, सिरमौर में 50, सेमरिया में 55, त्योंथर में 40, मऊगंज में 50, देवतालाब में 35, गुढ़ में 61 तथा मनगवां में 44 मतदान केन्द्र मिक्स पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इसी तरह जिले में 16 आदर्श मतदान केन्द्र तथा दो दिव्यांगों द्वारा संचालित मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल के सभी सदस्य दिव्यांग कर्मचारी हैं।

# सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल के मेधावियों ने फहराया परचम







**रीवा ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश बोर्ड के पांचवी एवं आठवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कक्षा आठवीं की छात्र - विवेक कुमार पटेल 92%, साक्षी सिंह परिहार - 90.16%, संक्राति सिह 89. 6%, संकल्प देव सिंह 89.6 %, कनिष वर्मा 89.5 % एवं कक्षा पांचवी की छात्रा - शैलजा पाण्डेय - 94 .75 %, शौर्य तिवारी - 93.75 % , शिक्षा शुक्ला 93.5 % , संस्कृति सिंह 91.75%, हर्षिता सिंह 91.25 % अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया । साथ ही कक्षा आठवीं 47 व 5वीं के 48 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया । विद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के सिंह एवं समस्त शिक्षक सहित प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष भी हर वर्ष की भांति प्रदर्शन के साथ, हमने एक बार फिर शैक्षणिक सफलता और व्यक्तिगत विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता साबित की है ।

# मतदाता की पहचान के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य

## आधार, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट जैसे फोटोयुक्त पहचान पत्र होंगे मान्य

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही उसे मतदान का अवसर मिलेगा। मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र से मतदान का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता पहचान पत्र के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों को मान्यता दी गई है। इनमें से किसी एक का उपयोग करके मतदाता की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को मान्य किया गया है। इसके साथ-साथ बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों तथा विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक दिव्यांगता आईडी शामिल है ।

# प्रमाणन के बाद ही मतदान दिवस तथा एक दिन पहले प्रकाशित होंगे विज्ञापन

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान से दो दिन पूर्व सभी तरह का चुनाव प्रचार बंद हो जाता है। उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल मतदान के दिन 26 अप्रैल तथा एक दिन पूर्व 25 अप्रैल को मतदान की अपील प्रकाशित करा सकते हैं। प्रिंट मीडिया के इन सभी विज्ञापनों को जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी से प्रमाणन कराना आवश्यक होगा। उम्मीदवार विज्ञापन प्रकाशन से दो दिवस पूर्व समिति को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन देकर उसका प्रमाणीकरण कराएं। प्रमाणीकरण के बाद ही विज्ञापन का प्रकाशन किया जा सकता है। इस संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय समिति 24 घंटे की समय सीमा में विज्ञापन का प्रमाणीकरण करके उम्मीदवार को उपलब्ध कराएगी।

# जिले में शहरी क्षेत्र में बनाए गए 143 पिंक पोलिंग बूथ

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए जिले भर में 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 143 मतदान केन्द्र पिंक बूथ बनाए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि पिंक पोलिंग बूथ में मतदान दल के सभी सदस्य महिलाएं हैं। निर्वाचन कार्य में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पिंक पोलिंग बूथ बनाए गये हैं। विधानसभा क्षेत्र रीवा का अधिकांश क्षेत्र शहरी है।

# मार्निंग वॉक के लिए निकली महिला से बाइक सवारों ने किया लूट का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहरी क्षेत्र में सक्रिय बदमाश अब किसी भी समय वारदात को अंजाम देने के लिए तत्पर हो रहे हैं। बुधवार सुबह सैर पर निकली एक महिला के साथ चेन स्नेचिंग का प्रयास किया गया है। यह घटना शहर के पॉश इलाके दुबे कॉलोनी की बताई जा रही है। लोकसभा चुनाव से चंद घंटे पहले चैन स्नेचिंग की इस घटना ने समूचे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित कर दिया है। मतदान कार्य में भारी संख्या में तैनात पुलिस बल होने के बावजूद अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। बताया जाता है कि जिस समय यह घटना हुई उस समय महिला अकेले सैर कर रही थी। इसी बीच बाइक सवार दो युवक आए और उन्होंने महिला के गले से चेन खींचने का प्रयास किया।



# न्यायालय परिसर आपसी मारपीट का वीडियो बनाने गए पत्रकार के साथ अधिवक्ताओं की मारपीट

**रीवा ।** जिले के न्यायालय परिषद में बुधवार की दोपहर 12:00 कुछ वकील एक शख्स को बुरी तरह से पीट रहे थे । जिसकी वीडियो बनाने गए एक निजी चैनल के पत्रकार के साथ वकीलों ने जमकर मारपीट की वकीलों द्वारा पत्रकार के साथ मारपीट करने की वीडियो कैमरे में कैद हो गई जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुई । निजी चैनल पत्रकार संजीव पाठक ने बताया कि मैं कोर्ट के सामने खड़ा हुआ था। तभी कुछ वकील एक शख्स के साथ मारपीट करने लगे। खबर के लिहाज से मैं पूरी घटना का वीडियो बनाने लगा तो कुछ लोगों ने मुझे घेर लिया। वे गाली देते हुए कहने लगे कि तू वीडियो क्यों बना रहा है। मैं अपने बचाव में कुछ कर पाता इसके पहले ही मेरे साथ जमकर मारपीट की गई।



# प्राईवेट विद्यालय बने शिक्षा की दुकान, जिम्मेदार बने अंजान

## हर वर्ष बदल रही पुस्तकें, कट रही अभिभावकों की जेब

**सीएम मोहन यादव के सख्त निर्देशों का भी निजी विद्यालय उड़ा रहे धज्जियां**

**केन्द्रीय विद्यालय की किताबों की उपहार योजना नजीर**

इस समय समाज में एक धारणा तेजी से प्रचलित हुई है कि सरकारी स्कूलों के बजाय निजी स्कूलों में शिक्षा का स्तर थोड़ा ऊंचा है। इसी कारण माता पिता अपने बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ाना बेहतर समझते हैं।






अनूपपुर।

हालांकि आज के समय में सरकारी स्कूलों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं भी दी जा रही हैं, लेकिन निजी स्कूलों के प्रति अभिभावकों का रुझान कम नहीं हुआ है। माता पिता के इसी आकर्षण का फायदा निजी स्कूल उठा रहे हैं। किताबें और यूनिफॉर्म निश्चित जगहों से ही खरीदने के लिए वह अभिभावकों को बाध्य करते हैं। इतना ही नहीं यह सारी चीजें वह बाजार से अधिक कीमत पर बेचते हैं। जिले में संचालित निजी स्कूलों में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां अभिभावकों पर अनावश्यक दबाव डाले जाने की शिकायत मिलती है।

मार्च का महीना बच्चों की परीक्षा के लिए जाना जाता है तो अप्रैल निजी स्कूलों की मनमानी के आगे अभिभावकों की परीक्षा लेता है। किताब, कॉपी, ड्रेस, जूता के लिए अभिभावकों की दौड़ स्कूल और स्कूल द्वारा बताई गई दुकानों के बीच लगी रहती है। हर बार की तरह निजी स्कूल कमीशन का खेल खेलने की राह पर इस बार भी निकल गए हैं। जिले के कई नामी और बड़े स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों को सीधे तय दुकानों से ही किताब बेची जा रही है। कॉपी भी ब्रांडेड लेने का दबाव है। लिहाजा यह तय है कि कॉपी का मूल्य भी अभिभावकों को सामान्य से ज्यादा देना होगा। जिन स्कूलों ने अभिभावकों को किताब का लिस्ट दिया है, उन स्कूलों ने बुक लिस्ट में दुकान के नाम भी दिए हैं, जहां से अभिभावकों को किताबें खरीदने को कहा गया है। पूरे बाजार ढूंढ़ने के बाद भी किताबें सिर्फ वहीं मिलेंगी, जिस दुकान की सांठ-गांठ स्कूल के साथ है।

### शिक्षा के नाम पर व्यवसाय

यह निजी स्कूल न केवल यूनिफॉर्म और किताबें अपने तय दुकान से खरीदने पर जोर देते हैं बल्कि तीन-तीन महीने की एडवांस फीस भी वसूल करते हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि बुक और यूनिफॉर्म स्कूल वाले नहीं बेच सकते हैं और न ही वह किसी खास दूकान से खरीदने का दबाव डाल सकते हैं, परन्तु सुप्रीम कोर्ट के सभी आदेशों की अवहेलना की जा रही है और अभिभावकों का शोषण जारी है। ऐसे में इन निजी स्कूलों पर सख्ती से कार्रवाई किये जाने की जरूरत है क्योंकि इन्होंने शिक्षा के नाम पर व्यवसाय चला रखा है।

### प्राइवेट स्कूलों ने मनमानी की तो खैर नहीं-मुख्यमंत्री

प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए 1 अप्रैल को एक बड़ा आदेश जारी किया था। सीएम ने आदेश दिया था कि अब प्राइवेट स्कूल किसी निर्धारित दुकान से ही किताबें, यूनिफॉर्म और बाकी शिक्षण सामग्री खरीदने का दबाव अभिभावक पर नहीं बना सकते हैं। अगर ऐसी कोई शिकायत मिली, तो स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुख्य सचिव को इस संबंध में आदेश जारी किया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को यह पत्र जारी कर दिया है। अगर कोई स्कूल मनमानी करता है तो उसके खिलाफ मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस अधिनियम के तहत स्कूल संचालक पर 2 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है परंतु जिले मे मुख्यमंत्री के आदेश को रद्दी की टोकरी मे डाल मनमानी किया जा रहा है।

### 50-60 प्रतिशत तक कमीशन सेट

जानकारी के अनुसार लगभग सभी स्कूलों की किताबें किसी एक दुकान पर ही मिलती हैं। सारा मामला कमीशनबाजी व सेटिंग का होता है। फरवरी मे ही यह तय हो जाता है कि दुकानदारी कौन करेगा? जो ज्यादा कमीशन देता है, किताबें उसी की दुकान से बिकती हैं। अब दशा इतनी खराब है कि किसी एक विद्यालय की किताब कापियां सिर्फ एक दुकान मे मिलने से दुकानदार मनमाने कीमत वसूल रहा है। अगर आप किसी कारण से उस दुकानदार के व्यवहार से असंतुष्ट हैं तो बच्चे की किताब कापियां नहीं मिलेगी। जानकार 50-60% तक कमीशन सेट होने का आरोप लगा रहे हैं। इसके पीछे विद्यालय प्रबंधन, दुकानदार तथा विभागीय अधिकारियों की सांठ गांठ होने के आरोप हैं।

केन्द्रीय विद्यालय की उपहार योजना नजीर

निजी स्कूलों में जहां किताबों में कमीशनखोरी का खेल चल रहा है, वहीं इसके उलट केंद्रीय विद्यालय की परम्परा नजीर है उन स्कूलों के लिए जो किताब की बिकवाली में अभिभावकों से पैसा बनाने में जुटे हैं। केंद्रीय विद्यालयों में पुस्तकें खरीदी नहीं जाती है। यहां सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही उपहार में मिलती है, वो भी कक्षा के वरिष्ठ विद्यार्थियों से। ये प्रक्रिया विगत दो साल से केंद्रीय विद्यालयों में लागू है। इसका फायदा यह है कि नई किताब खरीदने का भार अभिभावकों पर नहीं पड़ता है। वहीं पर्यावरण की नजर से पुस्तक खराब होने से बचती है।

### शिक्षा विभाग की सुस्ती या सांठ गांठ

निजी विद्यालयों की चरम पर पहुंच चुकी मनमानी के खिलाफ शिक्षा विभाग द्वारा कार्यवाही की कलम न चलाना एक तरफ उसकी सुस्ती मनमानी की ओर इशारा करता है तो दूसरी तरफ अभिभावक इसे सांठ गांठ मानते हैं। हालांकि यह भी सही है कि बेवजह लुट रहे अभिभावकों पर शिक्षा विभाग को ध्यान देना चाहिये पर किस कारण उनकी कलम कार्यवाही के लिए नही चल पा रही है यह तो वही जानें परंतु जिले मे शिक्षा विभाग व निजी विद्यालयों की सांठ गांठ की चर्चा आम है।

### इनका कहना है

हमने प्रायवेट स्कूलों को शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की पुस्तकों को चलाने का निर्देश दिया जारी किया है। यदि उनके द्वारा मनमानी की जा रही है तो हम टीम बनाकर औचक निरीक्षण कर उन पर कार्यवाही करेंगे।

**आरएस धुर्वे**
**जिला शिक्षा अधिकारी अनूपपुर**

---

## खबर संक्षेप



### एचएफ नस्ल की गाय ने जन्मे दो जुड़वा बच्चे

**अनूपपुर।** जिले के नगर परिषद बरगवां के अमलई निवासी पशुपालक रंजू पुरी के यहां एचएफ नस्ल की गाय का कृत्रिम गभार्धान के माध्यम से किए गए गभार्धान से 22 अप्रैल को जुड़वा बच्चों को जन्म दिया जिसमे एक बछड़ा तथा एक बछिया है जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ स्थिति में है। इस संबंध में उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विकास अनूपपुर डॉक्टर एपी पटेल ने बताया कि पशु पालन विभाग द्वारा पशु संरक्षण तथा पशु संवर्धन के तहत पशुओं का उपचार, टीकाकरण बधियाकरण आदि के साथ पालतू गाय, भैंस का कृत्रिम गभार्धान एआई कराया जा रहा है जिसके तहत प्रेग्नेंट पशु मालिक रंजू पुरी की एसएफ नस्ल की गाय का भी कृत्रिम गभार्धान एआई कराया गया जिसने 22 अप्रैल को जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है जिसमें एक बछड़ा एवं एक बछिया का जन्म हुआ है गाय तथा जन्मे दोनों बच्चे स्वस्थ स्थिति में है।

### ईनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामनगर।** 22 जनवरी को आगर न्यायालय मे पीठासीन न्यायाधीश के साथ बदसलूकी कर उन पर जूता फेंके वाला निलंबित अभिभाषक नितिन अटल आखिरकार 90 दिनों बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। 23 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को पुलिस अधीक्षक आगर मालवा के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आगर मालवा जिले का मोस्ट वांटेड आरोपी एवं माननीय उच्च न्यायालय का गिरफ्तारी वारंटी नितिन अटल पिता स्वर्गीय घनश्याम दास अटल निवासी मालीखेड़ी रोड आगर, थाना कोतवाली, जिला आगर मालवा, जिला अनूपपुर की सीमा में है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जिला आगर मालवा द्वारा 10,000 का इनाम उदघोषित किया गया था। सूचना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी रामनगर को त्वरित कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर थाना रामनगर के उप निरीक्षक श्यामलाल मरावी के द्वारा थाना रामनगर की पुलिस टीम के साथ रामनगर घुटरी टोला, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ बार्डर जिला अनूपपुर में घेराबन्दी कर फरार आरोपी नितिन अटल को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर जिला आगर मालवा की पुलिस टीम के प्रभारी डीएसपी मोतीराम कुशवाहा को सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन में थाना रामनगर के उप निरीक्षक श्यामलाल मरावी, आरक्षक नरेंद्र मसराम, रिंकू गोले एवं आर. राहुल प्रजापति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अमरकंटक के संतों ने व्यक्त किया आक्रोश

**अमरकंटक।** अमरकंटक के समस्त संत समाज ने कल जो रुद्र गंगा मंदिर को अज्ञात लोगों के तोड़ा गया तथा वन विभाग का नाम आने के पश्चात एक पंचनामा जारी किया कि वन विभाग ने तोड़ने की कोई कार्रवाई नहीं किया है जिससे अमरकंटक के समस्त संत समाज ने यह निर्णय लिया है कि पुलिस को सूचना तथा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आश्रम तोड़ने के संदर्भ में अमरकंटक में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संतो ने बताया कि यह आश्रम 150 वर्ष पुराना था तो अनावश्यक तोड़ा गया अगर प्रशासन इस तरह के उपद्रव पर सख्त रवैया नहीं अपनाया तो हम लोग कड़ा आंदोलन करेंगे। जिस बर्बरता के साथ आश्रम व नर्मदा मंदिर को तोड़ा गया है वह सनातन धर्म के खिलाफ है अमरकंटक संत समाज कड़ी निंदा करता है। अमरकंटक सभी प्रमुख आश्रमों के संत उपस्थित होकर अपनी अपनी भावना व्यक्त किए जिसमें अमरकंटक के संत समाज के द्वारा गठित अमरकंटक संत समाज के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

---

# पिकनिक मनाने गए रेलवे गॉर्ड की नदी में डूबने से हुई मौत

अनूपपुर।



बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को सीतामढ़ी में पिकनिक मनाने के समय नहाने के दौरान डूबने से 43 वर्षीय रेलवे गार्ड की मौत हो गई। घटना की सूचना के पश्चात पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजुरी रेलवे में पदस्थ तीन गार्ड समरेंद्र सिंह (43) अमित चंद्रा भारती एवं दीप चंद्रशेखर पिकनिक मनाने के लिए सीतामढ़ी पिकनिक स्पॉट गए हुए थे। पिकनिक के दौरान तीनों नहा रहे थे, इसी दौरान समरेंद्र सिंह का पर गहराई में चला गया और वह डूबने लगा। साथ में गए अमित चंद्रा भारती एवं दीप चंद्रशेखर ने समरेंद्र सिंह को बचाने का प्रयास किया, लेकिन डूबने के पश्चात उसका पता नहीं चल पा रहा था। समरेंद्र सिंह के डूब जाने के पश्चात साथ में पिकनिक मनाने गए अमृत चंद्र भारती एवं दीप चंद्रशेखर के द्वारा मदद के लिए स्थानीय ग्रामीण से सहायता मांगी गई जिस पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मृतक के शव को बाहर निकाला गया। सीतामढ़ी पिकनिक स्पॉट में पूर्व में कई लोगों की नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने की वजह से मौत हो चुकी है। इसके पश्चात यहां प्रशासन के द्वारा पानी के गहरे होने तथा इसमे डूबने के संबंध में नोटिस बोर्ड लगाया गया था। इसके बावजूद यहां पिकनिक के लिए लोग पहुंच रहे थे। घटना की सूचना मिलने के पश्चात पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा तथा पोस्टमार्टम की कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

# अमरकंटक में आंधी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त

अमरकंटक।



कल देर शाम रात को पवित्र नगरी अमरकंटक में अचानक आंधी व बारिश आ जाने से नगर में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए एवं कच्चे मकान वालों के तीन सेड उड़ गए जिससे रह वासियों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। नगर के प्रमुख स्थानों में बाराती हिंडालको मुख्य मार्ग शिव गोपाल आश्रम के सामने एवं जमुना दादर बस्ती में पेड़ गिरने से वह अत्यधिक आंधी तूफान होने की वजह से घरों के छप्पर उड़ गए जिससे गरीब परिवारों को मुश्किल भरी रात काटनी पड़ी। शिव गोपाल आश्रम के सामने एक पेड़ गिर जाने से तीन गाड़ियों को क्षति पहुंची। ज्ञात हो कि अमरकंटक पहाड़ी इलाका होने की वजह से कभी भी बारिश हो जाती है एवं कभी आंधी तूफान आ जाता है। मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पावन पवित्र नगरी अमरकंटक में गत देर शाम साढ़े सात आठ बजे अचानक हुए मौसम परिवर्तन के बाद तेज आंधी तूफान वर्षा के चलते कई जगह पेड़ उखड़ कर नीचे जा गिरे तथा विद्युत पोल गिरकर टूट गए हैं साथ ही छानी छप्पर टीना उड़ गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के बगल से जमुना दादर को जाने वाला रास्ते मे नीलगिरी का विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़ कर विद्युत लाइन में जा गिरा इससे विद्युत खंभा टूट गया। पेड़ नवोदय विद्यालय के दीवार पर गिरा है विशालकाय पेड़ के गिरने से जमुना नगर जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इसी तरह से शिव गोपाल आश्रम के सामने खड़े तीन चौपहिया वाहन पर एक पेड़ गिर गया इससे वाहनों को नुकसान पहुंचा है नगर में कई जगह छानी छप्पर में लगा टीन उड़ गए हैं परंतु कोई जनहानि नहीं हुई। आंधी तूफान के चलते विद्युत व्यवस्था नवोदय विद्यालय एवं जमुना दादर में समाचार लिखे जाने तक शुरू नहीं हो पाई है।

---

# 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित

## कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ ने सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट 2023-24 के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। जिले का हाईस्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 70.29 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम 75.98 प्रतिशत रहा। अनूपपुर जिले ने 10 वीं की परीक्षा में प्रदेश की सूची में पांचवां स्थान तथा कक्षा 12 वी में चौथा स्थान अर्जित किया। अनूपपुर जिला शहडोल संभाग में प्रथम स्थान पर रहा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार हाईस्कूल 10 वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची में लिटिल एन्जल्स कान्वेन्ट स्कूल राजनगर की छात्रा जीनत सिद्दीकी पिता रमजान अली सिद्दीकी ने 484 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय कोतमा की छात्रा गायत्री केवट पिता धरम दास केवट ने 468 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान, सरस्वती उ.मा. विद्यालय कोतमा के छात्र धनंजय शुक्ला पिता राजेश शुक्ला तथा शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अनूपपुर के छात्र धीरज पाण्डेय पिता श्री सत्यनारायण पाण्डेय ने 466 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान अर्जित किया है। हायर सेकेण्डरी स्कूल 12 वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची में शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय कोतमा के छात्र धनेश्वर सिंह पिता सुमेर सिंह ने 474 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, शासकीय कन्या विद्यालय बदरा अनूपपुर की छात्रा शिवानी कुशवाहा पिता बसंत कुमार कुशवाहा तथा शासकीय कन्या विद्यालय बदरा अनूपपुर की छात्रा दिपाली मिश्रा पिता राजेन्द्र मिश्रा ने 458 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान, शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अनूपपुर की छात्रा रोहणी सिंह राठौर पिता श्याम बिहारी राठौर ने 466 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान अर्जित किया है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में जिला स्तरीय मेरिट सूची सहित जिले के अन्य सभी सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

# राजनगर ओसीएम ने अपने वार्षिक लक्ष्य का 312.5% उत्पादन कर रचा नया इतिहास



राजनगर।

साउथ ईस्टर्न को फील्ड लिमिटेड के अंतर्गत हसदेव एरिया में राजनगर खुली खदान परियोजना एक मात्र खुली परियोजना है। जो देश के लिये कोयला ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है। भारत सरकार द्वारा कोयला उत्पादन का सबसे बड़ा उपक्रम कोल इंडिया है जिसकी अनुसंगी कंपनी एसईसीएल कई क्षेत्रों में कोयला उत्पादन का कार्य कर रही हैं जिसमें हसदेव एरिया की राजनगर ओसीएम खदान को पुनसंचालित किया गया। राजनगर ओसीएम में अप्रैल 2023 से सितंबर 2023 तक मात्र 176171 टन कोयले का उत्पादन हुआ था। 7 अक्टूबर 2023 को नए उपक्षेत्रीय प्रबंधक के प्रभार लेने के बाद मुख्य महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र संजय कुमार मिश्रा के सक्षम मार्गदर्शन एवं सब एरिया मैनेजर पुष्पराज प्रिय के नेतृत्व में राजनगर ओसीएम ने अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक 449161 टन कोयले का उत्पादन किया तथा कंपनी द्वारा दिए गए वार्षिक लक्ष्य को जल्द पूरा ही नही किया गया। बल्कि उन्होंने कुल 625332 मेट्रिक टन का उत्पादन कर वार्षिक लक्ष्य का 312.5 प्रतिशत उत्पादन कर नया इतिहास रचा। सब एरिया मैनेजर ने इस का श्रेय अपने उच्च अधिकारियों के कुशल नेतृत्व एवं अपने अधीनस्थ कोलियरी मैनेजर दीपक बांठिया तथा अन्य कर्मचारियों के सहयोग को दिया।

# अनुपयोगी एवं खुले नलकूप के जिओ टैगिंग सर्वे के संबंध में बैठक सम्पन्न

**अनूपपुर।** अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में सुरक्षा उपाय हेतु जारी दिशानिर्देश के अनुरूप जिले के नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों के जनपद क्षेत्र में नलकूप खनन के पश्चात उसकी सुरक्षा एवं नलकूप के खुले होने की स्थिति में सुरक्षात्मक कार्यवाही के संबंध में समुचित प्रशिक्षण एवं ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार एवं सर्वे कार्य के संबंध में जनपद पंचायत कोतमा, अनूपपुर, जैतहरी में बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक में यांत्रिकी अधिकारी तथा जनपद व नगरीय निकायों के अधिकारी व कार्यपालिक दण्डाधिकारियों के साथ ही पटवारी, हैण्डपंप तक्नीशियन, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा नगरीय निकाय के अमले को स्थापित नलकूप/अनुपयोगी नलकूपों का सर्वे कार्य एवं जिओ टैगिंग लोकेशन सहित 5 दिवस में सुनिश्चित करने के संबंध में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया। कोतमा के जनपद सभागार में अनुविभागीय दण्डाधिकारी अजीत तिर्की तथा जनपद पंचायत जैतहरी सभागार में एसडीएम जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी व एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दिशानिर्देश के अनुरूप सर्वेक्षण के संबंध में व सुरक्षात्मक उपाय के संबंध में अमले को अवगत कराया गया।

**Presiding Officer: श्री रविन्द्र कुमार शिल्पी**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000010/2024)
रिंकू वगै. ..........................आवेदक Vs
भारतीय जीवन बीमा निगम वगै. ....अनावेदक
प्रेषिती- Process Id-1000/2024
पेशी दिनांक :- 28/05 /2024
(1) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रिंकू वगै. ने मृतक निर्मला देवी पति स्व रामकिशोर निवासी ग्राम बनगंवा / राजनगर सिविल दफाई पोस्ट राजनगर कॉलरी तहसील कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र. की मृत्यु दिनांक 23-12-2023 को हो चुकी है, जिनके नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी में क्रमाक (1)361827973 (2)369609829 (3)207187318 (4)207187319 (5)207187320 (6)379596013 (7)379596014 (8)379589458 (9)379589459 (10) 379589460 (11) 379589461, है तथा अनावेदक क्रमांक 03 के बैंक में निर्मला देवी के नाम से बचत खाता क्रमांक 3103121166 है तथा निर्मला देवी के नाम से अनावेदक क्रमांक 03 के बैंक में 03 एफ.डी. है जिसका खाता क्रमांक क मशः 3113250431, 3113250850, 3113251082, है आवेदिकागण ने अनावेदक क्रमांक 01, भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कोतमा अनावेदक क्रमांक 02 मण्डल प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम मण्डल कार्यालय शहडोल एवं अनावेदक क्रमांक 03 शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा राजनगर कॉलरी जिला अनूपपुर के कार्यालय में उक्त सभी पालिसियों एवं बचत खाता तथा एफ. डी. में जमा बीमाधन और लाभांश राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 28 May 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28 May 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 23 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा

रविंद्र कुमार शिल्पी
व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।